# NATIONAL INFORMATION CENTRE OF EARTHQUAKE ENGINEERING

**Organized**

nicee

# NEWS

## एक नजर

### पदमपत सिंहानिया फाइनल में

आईआईटी में चल रही भूकंप रोधी टिप्स इंटरस्कूल क्विज प्रतियोगिता में पदमपत सिंहानिया ने फाइनल में जगह बना ली। अब इसका मुकाबला अगले राउंड के विजेता से होगा। शुक्रवार को हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें पदमपत सिंहानिया 67 अंक पाकर प्रथम और 58 अंक पाकर सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज द्वितीय और 56 अंक पाकर पूर्णचंद्र विद्या निकेतन तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के आयोजक नेशनल इंफोर्मेशन सेंटर इंजीनियरिंग (एनआईसीईइ) को आर्डिनेटर डॉ सुरेश एलावदी ने बताया कि इलाहाबाद, गोरखपुर और लखनऊ में भी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके अलावा अभी कानपुर में एक और प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

### पदमपत सिंहानिया स्कूल की टीम फाइनल में

कानपुर। आईआईटी के राष्ट्रीय भूकम्प सूचना केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित स्कूली बच्चों की क्विज प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया के 4 छात्र-छात्रा फाइनल पहुंचे। फाइनल 26 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। नगर के तीन कालेजों के हाईस्कूल व इंटर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के अनमोल श्रीवास्तव, वैभव भसीन, सिद्धार्थ दुबे व लोवी मेहरा की टीम ने सर्वाधिक 67 अंक हासिल कर विजेता बनी। सरस्वती विद्यामंदिर स्कूल 58 अंक लेकर दूसरे तथा पूरनचंद विद्यानिकेतन की टीम 56 अंक हासिल करके तीसरे स्थान पर रही। (एसएनबी)

## सर पद्मपत सिंहानिया ने मार ली बाजी

वरिष्ठ संवाददाता कानपुर

■ भूकम्प के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नाइसी ने कराई क्विज

**आईआईटी**, कानपुर के नेशनल इन्फॉर्मेशन सेंटर ऑफ अर्थक्वेक इन्जीनियरिंग (नाइसी) ने शुक्रवार को भूकम्प के प्रति जागरूकता के लिए 'इण्टर स्कूल क्विज 2009' आयोजित की। इसमें सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता लखनऊ, इलाहाबाद और गोरखपुर में भी होगी। फाइनल राउण्ड 26 जनवरी को होगा।

आईआईटी आउटरीच में हुई इस प्रतियोगिता में पाँच टीमों को भाग लेना था लेकिन केन्द्रीय विद्यालय, आईआईटी कैम्पस और एयरफोर्स चकेरी की टीम एब्सेंट रहीं। मुकाबला पूर्णचन्द्र विद्यानिकेतन, सरस्वती विद्या मन्दिर, जाजमऊ और सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की टीमों के बीच रहा। विजेता रही सर पद्मपत सिंहानिया की टीम ने 67 प्वाइंट हासिल किए। सरस्वती विद्या मन्दिर 58 प्वाइन्ट्स लेकर दूसरे और पूर्णचन्द्र 58 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सर पद्मपत की टीम में अनमोल श्रीवास्तव, वैभव भसीन, सिद्धार्थ दुबे, लवी मेहरा शामिल थे। सुरेश अलावाड़ी ने बताया कि 21 जनवरी को सात स्कूलों के बीच अभी एक और प्रीलिम होगा।

# EARTHQUAKE INTER-SCHOOL QUIZ

**18 December 2009**

## अर्थक्वेक टिप्स पर क्विज कॉम्पिटीशन

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**आईआईटी** स्थित नेशनल इनफॉरमेशन सेंटर ऑफ अर्थक्वेक इंजीनियरिंग की ओर से इंटर स्कूल क्विज काम्पटीशन टिप्स आयोजित हो रही है। प्रिमिलिनरी राउण्ड 18 दिसंबर को और फाइनल राउंड 26 जनवरी को आउटरीच ऑडिटोरियम में होगा। क्विज में कक्षा 8 से 11 के बच्चों के लिए स्कूलों को डॉ. सीवीआर मुर्थी की ओर से 50 कॉपी दी गई थीं। इनमें से हर स्कूल से चार-चार बच्चों का चयन हुआ। प्रिलिमिनरी राउण्ड के लिए 18 दिसंबर को शहर से केंद्रीय विद्यालय आईआईटी, केंद्रीय विद्यालय चकेरी, पूरणचंद्र विद्यानिकेतन, सरस्वती विद्या मंदिर, पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के बच्चे 10 बजे से आईआईटी के आउटरीच आडिटोरियम में जुटेंगे। विजेता टीम को 26 जनवरी को होने वाले फाइनल राउंड में भेजा जाएगा।

## भूकंप की रोकथाम विषय पर हुयी अन्तर विद्यालयी प्रतियोगिता

### आई आई टी में 26 जनवरी को होगा प्रतियोगिता का फाइनल राउण्ड

कानपुर, 18 दिसम्बर। आई आई टी के एन आई सी ई ई द्वारा भूकंप विषय पर अन्तरविद्यालयी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम चरण में शहर के तीन विद्यालयों के बच्चों ने भागीदारी की। अब प्रतियोगिता का फाइनल राउण्ड आई आई टी के आउटरीच सभागार में २६ जनवरी को होगा। इस अहम मसले पर स्कूली बच्चों को जागरुक बनाने के मकसद से यह प्रतियोगिता आई आई टी में आयोजित की गयी है। प्रतियोगिता में पूर्णचन्द्र विद्या निकेतन, सरस्वती विद्या मंदिर, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेन्टर ने हिस्सेदारी की। प्रथम चरण में विजेता बने सर पदम पत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर के छात्रों में अनमोल श्रीवास्तव, वैभव भसीन, सिद्धार्थ दुबे, व लवी मिश्रा थे। अब यह सभी फाइनल राउण्ड २६ जनवरी को प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विनर टीम को ६७नम्बर मिले, जबकि पूर्णचन्द्र विद्या निकेतन को ५६ व सरस्वती विद्या मंदिर को ५८ अंक मिले। फाइनल राउण्ड से पहले २१ जनवरी के प्रतियोगिता के एक और चरण आयोजित किया जायेगा। इसमें मैथाडिस्ट हाईस्कूल, करमदेवी मेमोरियल एकेडमी, चाचानेहरू स्मारक इण्टर कालेज, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल, पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, डा. वीरेन्द्र स्वरुप एजूकेशन सेन्टर अवधपुरी वागवा व पनकी शाखा शामिल किये जायेंगे। इसी तरह ५ जनवरी को इलाहाबाद लखनऊ, गोरखपुर में भी इसी तरह प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

## INTER-SCHOOL QUIZ

**KANPUR:** National Information Centre of Earthquake Engineering (NICEE) organised an inter-school quiz competition on earthquake tips at Indian Institute of Technology (IIT-K) on Friday.

In the preliminary round of the quiz, teams of four students from class VIII to XI of three schools including Puranchandra Vidyaniketan, Saraswati Vidya Mandir and Sir Padampat Singhania Education Centre participated in the competition. The quiz had four rounds - Round robin, Picture round, Rapid fire round and Lucky number round and the questions were based on the publication 'Earthquake Tips' by Dr CVR Murty, Director of IIT Hyderabad.

The winning team of Sir Padampat Singhania Education Centre represented by Anmol Srivastava, Baibhav Bhasin, Siddharth Dubey and Lovee Mehra scored 67 points and qualified for final round, which is schedule to be held on January 26.

